आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.06.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर और इलेट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र सुधारों को अधिसूचित किया।
- कैबिनेट मंत्र डॉ. धन सिंह रावत ने कहा – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं।
- सांसद अजय भट्ट ने जिला मुख्यालय नैनीताल के निकटवर्ती गेठिया स्थित निर्माणाधीन 100 शैय्याओं वाले मानसिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया।
- बागेश्वर जिले में कपकोट विधानसभा क्षेत्र की चार प्रमुख सड़कों के सुधारीकरण कार्यों के लिए करीब 8 करोड़ 75 लाख रुपये की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

**सेमीकंडक्टर**

केन्द्र सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों के लिए नीतिगत रियायतों की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य विशेषकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक घटकों सहित उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण को बढ़ावा देना है। इन सुधारों से निवेश आकर्षित होगा, नियामक व्यवधान कम होंगे और वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में भारत की स्थिति मजबूत होगी।

**केंद्र सरकार 11 साल**

कैबिनेट मंत्री और अल्मोड़ा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं। केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर डॉ. रावत ने संकल्प से सिद्दी कार्यक्रम के तहत अल्मोड़ा में आज पत्रकार वार्ता में केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक करीब 4 करोड़ गरीबों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि 65 लाख से अधिक लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है।
प्रदेश की विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए डॉ. रावत ने बताया कि टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन का सर्वे शुरू हो चुका है। अल्मोड़ा की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए सेराघाट–सरयू पंपिंग योजना को 365 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है।

**प्रशिक्षण**

पौड़ी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 51 चयनित बैंक सखियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डीआरडीए के परियोजना निदेशक, विवेक कुमार उपाध्याय ने कहा कि बैंक सखी योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण लेकर सखियां न केवल स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ेंगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नैनीडांडा, बीरोंखाल, रिखणीखाल और थलीसैंण विकासखंडों की चयनित बैंक सखियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बैंक सखियों को बैंकिंग, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, ऋण प्रक्रिया, वित्तीय समावेशन और ग्राहक सेवा सहित अन्य की जानकारी दी गई।

**सांसद निरीक्षण**

नैनीताल–ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने जिला मुख्यालय नैनीताल के निकटवर्ती गेठिया स्थित निर्माणाधीन 100 शैय्याओं वाले मानसिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 44 करोड़ 56 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाए जा रहे इस चिकित्सालय के लिए शासन द्वारा करीब 14 करोड़ 93 लाख रुपये

की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान में केवल सेलाकुई में मानसिक चिकित्सालय है, जबकि गेठिया में इसका निर्माण पूरा होने के बाद, उत्तराखंड को दूसरा मानसिक चिकित्सालय मिलेगा, जो विशेष रूप से कुमाऊं मंडल के नागरिकों के लिए लाभकारी होगा। श्री भट्ट ने कार्यदायी संस्था को निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**सड़क स्वीकृति**

बागेश्वर जिले में कपकोट विधानसभा क्षेत्र की चार प्रमुख सड़कों के सुधारीकरण कार्यों के लिए करीब 8 करोड़ 75 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें रिखाड़ी—बाछम मोटर मार्ग, कपकोट—लीली मोटर मार्ग, भानी—रीठाबगड़—हर सिंगियाबगड़—शामा—नौकोड़ी मोटर मार्ग और हरसीला—पुड़कुनी मोटर मार्ग शामिल हैं। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि इन सड़कों के सुधारीकरण से क्षेत्रीय लोगों को यातायात में सुगमता के साथ ही समय की भी बचत होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न किए जाएं।

**मौसम**

प्रदेश में कुमाऊं क्षेत्र में कल हल्की बारिश, जबकि 12 जून को प्रदेश के सभी जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि यह बारिश 19 जून तक लगातार जारी रहेगी। जबकि प्रदेश के कई हिस्सों में भी बारिश की संभावना है।

**रेखा आर्या**

आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस के मौके पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, युवा कल्याण विभाग और खेल विभाग मिलकर एक बड़ा आयोजन करेंगे। इसमें स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्र, शिशु निकेतनों के बच्चे और नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को भी सम्मिलित किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को योग दिवस से एक सप्ताह पहले से उनके लिए उपयुक्त योगासनों का अभ्यास कराया जाएगा। श्रीमती आर्या ने ंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की तैयारी को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

**योग बागेवर**

हर साल की तरह इस बार भी 21 जून को बागेश्वर जिले में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' है, जो न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, बल्कि समग्र पृथ्वी और पर्यावरण के स्वास्थ्य की अवधारणा को भी जोड़ती है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशानुसार जिले में आयुष विभाग और आयुष शिक्षा विभाग के माध्यम से योग दिवस पर कई आयोजन किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने लोगों का आह्वान किया है कि वे योग के महत्व को समझें और उसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि इस बार योग दिवस का आयोजन जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर वृहद रूप में किया जाएगा। 'हरित योग' की अवधारणा पर आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण और स्वास्थ्य के बीच के संबंधों को रेखांकित किया जाएगा।